मुख्यालय
कर्मचारी राज्य बीमा निगम
Employees' State Insurance Corporation
पंचदीप भवन, नई दिल्ली -110002

संख्याः ई–13/12/15/ 2019–ज0स0 दिनांक:08.03.2019

प्रेस विज्ञप्ति

कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

क.रा.बी. निगम ने दिनांक:08.03.2019 को नई दिल्ली स्थित अपने मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। **श्री राजकुमार**, भा0 प्र0 से0, महानिदेशक, ने इस सुअवसर पर अपना सुविचार व्यक्त करके सभा को संबोधित किया तथा सभी कर्मचारियों मुख्यतः महिलाओं को इस अवसर पर शुभकामनाएँ दी। उन्होंने महिलाओं को सर्वप्रथम शिक्षित व सुरक्षित अवसर देने एवं पारिवारिक मूल्यों के लिए जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में महिलाएँ कदम से कदम मिलाकर सभी क्षेत्रों में देश के विकास में अपना पूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने महिला संवेदनशीलता पर भी जोर दिय। उन्होंने महिला सहकर्मियों को सहयोग तथा समर्थन दिए जाने का भी आग्रह किया।

इस सुअवसर पर **श्रीमती संध्या शुक्ला**, वित आयुक्त व **डा. पी. एल. चौधरी**, चिकित्सा आयुक्त ने भी महिलाओं के विकास तथा सुरक्षा व स्वास्थ्य पर विचार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं से ही देश सुदृढ़ व सशक्त हैं, इसलिए हमें महिलाओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य का पूर्ण ख्याल रखना चाहिए।

इस सुअवसर पर **सुश्री रेनू सैनी**, लेखिका व स्तंभकार तथा **डा0 प्रिया शर्मा**, सहायक प्रोफेसर, स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय अतिथि वक्ता थीं। दोंनों अतिथियों ने महिला सशक्तीकरण, महिला संवेदनशीलता तथा समाज में महिलाओं

द्वारा की गई उल्लेखननीय प्रगति के संबंध में अपने विचार प्रकट किए। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं जैसै उज्जवला योजना, महिला साक्षरता, महिला स्वास्थ्य, महिला सुरक्षा पर भी प्रकाश डाला । उन्होंने बीमित महिलाओं के लिए मातृत्व हितलाभ की अवधि को 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह करने पर कर्मचारी राज्य बीमा निगम को बधाई दी। इस अवसर पर **डा. एस.एल.विज**, चिकित्सा आयुक्त, **श्री पी0बी0 मणि**, अपर आयुक्त, एवं मुख्यालय के सभी अधिकारीगण/कर्मचारीगण और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। **श्री ए0 के0 साहू**, निदेशक ने सभा में उपस्थित सभी को धन्यवाद दिया। **श्री प्रणव कुमार**, उपनिदेशक (जनसंपर्क) ने सभा का संचालन करते हुए महिला कर्मियों के लिए महानिदेशक महोदय द्वारा उठाए गए उल्लेखनीय निर्णयों से सभी को अवगत कराया ।

भारत में कर्मचारी राज्य बीमा निगम

कर्मचारी राज्य बीमा निगम कर्मचारियों को रोजगार के दौरान लगी चोट, बीमारी, मृत्यु, निशक्तता आदि जैसे हालातों में नकद हितलाभ तथा उचित चिकित्सा सुविधा जैसी व्यापक सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने वाला एक अग्रणी सामाजिक सुरक्षा संगठन हैं। क रा बी योजना उन कारखानों एवं प्रतिष्ठानों में लागू हैं, जहॉ 10 या उससे अधिक व्यक्ति नियोजित है। उपयुक्त श्रेणियों के कारखानों एवं प्रतिष्ठानों के कर्मचारी जो रूपये 21,000/– तक प्रतिमाह वेतन प्राप्त कर रहे हैं, वे क रा बी अधिनियम के अंतर्गत स्वास्थ्य बीमा व्याप्ति एवं अन्य हितलाभ पाने के हकदार हैं। पूरे देश में 10.33 लाख कारखानों एवं प्रतिष्ठानों में क रा बी योजना लागू हैं, जिससे 3.43 करोड़ बीमाकृत व्यक्ति/परिवार एंकको को योजना के हितलाभप मिल रहे है। सन 1952 में अपनी शुरूआत से, क रा बी निगम अब तक 154 अस्पतालों, 1500/148 औषधालयों/आईएसएम एकको, 815 शाखा/भुगतान कार्यालयों एवं 64 क्षेत्रीय/उपक्षेत्रीय कार्यालयों की स्थापना कर चुका हैं।